Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **पाली में तहसील कार्यालय का कनिष्ठ सहायक 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *17 मई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज पाली में कार्यवाही करते हुये **नरेन्द्र कुमार, कनिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय बाली जिला पाली** को परिवादी से **8 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरा व मेरे बच्चों का विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने की एवज में तहसील कार्यालय बाली जिला पाली के कनिष्ठ सहायक नरेन्द्र कुमार द्वारा **15 हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाने पर आरोपी परिवादी से 10 हजार रूपये रिश्वत राशि प्राप्त करने पर सहमत हुआ जिस पर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी **नरेन्द्र कुमार, कनिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय बाली जिला पाली** को परिवादी से **8 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा **2 हजार रूपये** रिश्वत राशि दौराने सत्यापन परिवादी से वसूल ली गई थी।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**